मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

क्रमांक / मोलासुविवि / परीक्षा / 2023 / 6531-A   दिनांकः 25.10.2023

विश्वविद्यालय अधिसूचना संख्या– 01 के क्रम में परीक्षा 2024 के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन का विस्तृत विवरण

विश्वविद्यालय के संघटक / सम्बद्ध महाविद्यालयों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत् (नियमित / पूर्व–छात्र (Ex) एवं स्वयंपाठी) परीक्षार्थियों से मुख्य परीक्षा– 2024 के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से आमन्त्रित किये जाते है। पाठ्यक्रम एवं आवेदन की तिथि निम्नानुसार रहेगी :–

पाठ्यक्रम का नाम	आवेदन पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि	आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि
P.G. Final- M.A./M.COM./M.SC. MATH'S	27.10.2023	02.11.2023
B.COM. II YEAR, III YEAR B.SC. II YEAR, III YEAR B.A. II YEAR	31.10.2023	06.11.2023
B.A. III YEAR	04.11.2023	10.11.2023

नोट :–

1. पाठ्यक्रमों की परीक्षा फार्म की हार्ड कापी संबंधित महाविद्यालयों में (संघटक महाविद्यालयों के नियमित छात्रों को छोड़कर) दिनांक 20.11.2023 तक जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।
2. स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध एवं अन्य समस्त पाठ्यक्रमों / कक्षाओं के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन दिनांक 10.11.2023 के पश्चात् भरवाये जायेंगे।
3. परीक्षा शुल्क डेबिट कार्ड / केडिट कार्ड / नेट बैकिंग के माध्यम से स्वीकार किया जायेगा।
4. संबंधित परीक्षार्थी अपना परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन माध्यम से सावधानी पूर्वक भरें, (NAME, FATHERS NAME, MOTHERS NAME & DATE OF BIRTH BE MENTIONED STRICTLY AS PER THE MARK SHEET OF 10th) आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अपना आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रूप से दर्ज करें तथा आवेदन पत्र की मुद्रित प्रति मय आवश्यक दस्तावेजों के ***अंतिम तिथि की प्रतिक्षा किये बिना शीघ्रातिशीघ्र अपने से संबंधित महाविद्यालय में जमा करावें।***
5. परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा आवेदन पत्रों को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा, अतः संबंधित परीक्षार्थी उपर्युक्त निर्धारित समय में अपने से संबंधित महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र जमा करायें। ***महाविद्यालय द्वारा अग्रेषित परीक्षा फॉर्म ही स्वीकार होंगे।***
6. परीक्षा फॉर्म आवेदन संबंधित समस्या के लिए हेल्पलाईन नम्बर 0294–2471505, 2471506 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

नोट :–

परीक्षा से संबंधित आगामी समस्त सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी व समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जावेगी। अतः समस्त अभ्यर्थी विश्वविद्यालय वेबसाईट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

(डॉ. राजेश चन्द्र कुमावत)
परीक्षा नियंत्रक

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. अधिष्ठाता/प्राचार्य/निदेशक, समस्त संघटक एवं सम्बद्ध महाविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि :–

(अ) परीक्षार्थियों की सूची कॉलेज पेनल से प्राप्त कर परीक्षा फार्म मय संलग्नकों के वर्णानुकम (Alphabetical order) में कक्षावार/महाविद्यालयवार सूची तैयार करके अंतिम तिथी से 07 दिन के अन्दर, विश्वविद्यालय भिजवावें।

(ब) उपरोक्त वर्णित तिथियों को यदि महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र वर्णानुकम (Alphabetical order) में कक्षावार करके जमा नहीं करवा पाते हैं, तो महाविद्यालय को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों के तहत पेनाल्टी जमा करानी होगी।

(स) आवेदन पत्रों के साथ Details of Registered Students की सूचि मय Fee Report एक प्रति में विश्वविद्यालय के परीक्षा अनुभाग में जमा करावें, इसके अभाव में अग्रेषण शुल्क का भुगतान संभव नहीं होगा।

(द) नोटिस बोर्ड पर विज्ञप्ति चस्पा करते हुए सूचित किया जाना सुनिश्चित करावें कि परीक्षा संबंधी अग्रिम समस्त जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट www.mlsu.ac.in का निरन्तर अवलोकन करें।

2. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
3. कुलसचिव/वित्त नियंत्रक/परीक्षा नियंत्रक/परिणाम प्रभारी/लेखाधिकारी, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
4. उप कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय अनुभाग/सामान्य, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
5. सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय अनुभाग, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
6. इन्चार्ज, इन्टरनेट केन्द्र, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उपर्युक्त को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड़ करावें।
7. संकाय प्रभारी, परीक्षा शाखा, मो.ला.सु.वि.वि., उदयपुर
8. आई.टी.आई. इण्डिया लिमिटेड, न्यू दिल्ली।
9. विश्वविद्यालय हेल्पलाईन को प्रेषित कर लेख हैं कि कृपया सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्रों को ई–मेल एवं दूरभाष द्वारा सूचित कराने की पालना सुनिश्चित करावें।
10. रक्षित पत्रावली।

उप कुलसचिव (परीक्षा)